भारत सरकार
संचार मंत्रालय
डाक विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2099
उत्तर देने की तारीख 02 अगस्त, 2023

कोर बैंकिंग प्रणाली

2099. श्री कृपाल बालाजी तुमाने :
श्रीमती भावना गवली (पाटील) :

क्या संचार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या पूरे देश में स्थित सभी डाकघरों को कोर बैंकिंग प्रणाली के अधीन लाने के लिए कोई योजना तैयार की गई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) इस संबंध में व्यय की जाने वाली अनुमानित राशि और निर्धारित लक्ष्यों का ब्यौरा क्या है;

(ग) इसके कब तक प्रभावी होने की संभावना है;

(घ) कोर बैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत शामिल किए जाने वाले डाकघरों, विशेषकर महाराष्ट्र में स्थित डाकघरों का जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ङ) क्या इस तंत्र से वित्तीय समावेशन, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम आदि के माध्यम से खातों तक पहुंच संभव होगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(च) महाराष्ट्र में आधुनिकीकरण के लिए निर्धारित किए गए डाकघरों का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(छ) क्या इससे ग्रामीण दूर-दराज और दुर्गम क्षेत्रों में सेवाएं प्रदान करने में सुविधा होगी, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर
संचार राज्य मंत्री
(श्री देवुसिंह चौहान)

(क) से (घ) सभी 25,062 विभागीय डाकघर और 1,30,261 शाखा डाकघर कोर बैंकिंग प्रणाली के अंतर्गत काम कर रहे हैं और सभी खाते, कोर बैंकिंग प्रणाली के माध्यम से एक्सेस किए जा सकते हैं।

(ङ.) जी, हां। कोर बैंकिंग प्रणाली के लागू हो जाने के परिणामस्वरूप सभी जमाकर्ता वित्तीय समावेशन, नेट बैंकिंग, मोबाइल बैंकिंग, एटीएम आदि के माध्यम से अपने खाते एक्सेस कर सकेंगे।

(च) महाराष्ट्र में, सभी 2,112 विभागीय डाकघरों और 10,613 शाखा डाकघरों का आधुनिकीकरण किया जा चुका है। जिलावार ब्यौरा **अनुबंध क** में प्रदान किया गया है।

(छ) जी, हां। दर्पण (नए भारत के लिए ग्रामीण डाकघरों का डिजिटल उन्नयन) परियोजना के लागू होने के बाद से ग्रामीण क्षेत्रों के ग्राहक रजिस्टर्ड और स्पीड पोस्ट डाक-वस्तुओं की बुकिंग, मनीआर्डरों की बुकिंग, डाकघर बचत बैंक लेन-देन संबंधी कार्य तथा डाक जीवन बीमा (पीएलआई)/ग्रामीण डाक जीवन बीमा (आरपीएलआई) प्रीमियम भुगतान जैसी सुविधाओं का लाभ उठा रहे हैं।

अनुबंध 'क'

'कोर बैंकिंग प्रणाली' के संबंध में 2 अगस्त, 2023 के लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं. 2099 के उत्तर के भाग (च) में संदर्भित अनुबंध

जिला	विभागीय डाकघरों की संख्या	शाखा डाकघरों की संख्या
अहमदनगर	97	568
अकोला	30	185
अमरावती	56	410
औरंगाबाद	52	251
बीड	36	294
भंडारा	20	124
बुलढाना	33	318
चन्द्रपुर	36	292
धुले	33	218
गढ़चिरौली	18	279
गोंदिया	11	150
हिंगोली	10	112
जलगांव	77	462
जालना	30	197
कोल्हापुर	96	468
लातूर	30	254
मुम्बई	108	1
मुम्बई उपनगर	117	1
नागपुर	107	241
नांदेड़	54	417
नन्दुरबार	23	199
नासिक	98	574
उस्मानाबाद	30	257
पालघर	37	190
परभनी	23	163
पुणे	215	579

रायगढ़	66	376
रत्नागिरि	78	578
सांगली	82	337
सतारा	94	580
सिन्धुदुर्ग	55	316
सोलापुर	92	443
थाणे	85	134
वर्धा	26	148
वाशिम	16	169
यवतमाल	41	328
कुल	**2,112**	**10,613**

*****